भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1914

02 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

कर्नाटक में सीजीएचएस आरोग्य केंद्र

1914. श्री बी. वाई. राघवेन्द्र:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कर्नाटक राज्य में संस्वीकृत सीजीएचएस आरोग्य केंद्रों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) इन सीजीएचएस आरोग्य केंद्रों को शुरू करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है;

(ग) क्या सरकार को कर्नाटक राज्य के शिवमोगा जिले में नए संस्वीकृत सीजीएचएस आरोग्य केंद्र के लिए निधि आवंटित करने हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि हां, तो जारी की गई अनुदान/निधि की कुल राशि कितनी है और यदि नहीं, तो कर्नाटक के उक्त जिले में सीजीएचएस आरोग्य केंद्र शुरू करने के लिए इसे जारी करने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (घ): कर्नाटक राज्य में 01 सीजीएचएस पॉलीक्लिनिक सहित 11 सीजीएचएस एलोपैथिक अरोग्य केन्द्र और 04 आयुष आरोग्य केन्द्र स्वीकृत हैं। ये आरोग्य केन्द्र और पॉलीक्लीनिक लाभार्थियों को स्वास्थ्य परिचर्या प्रदान करने के लिए नियमित आधार पर कार्यशील हैं। देश भर में 22 नए सीजीएचएस आरोग्य केंद्र (कर्नाटक में शिवमोगा, उडुपी और मंगलुरु सहित) खोलने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है। निधियों का आबंटन वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के दायरे में आता है।

*****